nt>

Title: Need to abolish the practice of engaging contract labour in Bharat Cooking Coal Limited.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : अध्यक्ष महोदय, पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने भारत वर्ा की सभी कोयला खदानों का राट्रीयकरण करके कोल कर्मियों के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया था। कोल माइन्स नेशनेलाइजेशन एक्ट के नियम एवं प्रावधानों के तहतâ€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Let Shri Dubey make his submission. He is also an hon. Member as much as you are.

श्री चन्द्र शेखर दूबे : कोयला उत्पादन एवं बिक्री का काम कैप्टिव माइन्स एंड कोल इंडिया लिमिटेड के अनुसंगी इकाइयों को करना है लेकिन इन प्रावधानों के ि वपरीत कोल इंडिया की अनुसंगी इकाई भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में प्रॉहिबिटेड वर्क (कांट्रैक्ट लेबर एबोलिशन रेगुलेराइजेशन एक्ट के तहत कोयला उत्पादन का कार्य) आउटसोर्सिंग एवं ठेकेदारी प्रथा से कराने के लिए बस्ता कोला क्षेत्र के अन्तर्गत कुइंया कोलियरी के मांझी तालाब के समीप प्रोजेक्ट शुरू कर कोयला निकालने का ठेका माला कुमार एंड कंपनी को दिया गया है जिसके लिए कंपनी और ठेकेदार के द्वारा 2 जुलाई 2004 को भूमि पूजन का कार्य सम्पन्न किया गया है। इस तरह के गैर कानूनी कार्य से कोल कर्मियों, ग्रामीणों एवं आम जनता में भारी आक्रोश है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इसकी जांच कराकर दोाी अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए ताकि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, बीसीसीएल को आउटसोर्सिंग ठेकेदारी प्रथा से बचाया जा सके और वहां के मजदूरों के हकों की रक्षा हो सके।